# न्यायालय अतिरिक्त कलक्टर, (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ (राज.)

## पीठासीन अधिकारी – प्रभा गौतम (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 145/2022(रा.प्रा.प.) (GCMS 2022/145) | 15.06.2022 | 15.12.2025 |

**अनवान**

1. शिशु कुमार नट पिता रणजीत नट, उम्र 32 वर्ष, निवासी कंजर बस्ती, भावनाथ की खेडी तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
2. जस्सु पिता नारायण कंजर, उम्र वयस्क, निवासी कंजर बस्ती, भावनाथ की खेडी तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
3. राजेश पिता कल्लू कंजर, उम्र वयस्क, निवासी कंजर बस्ती, भावनाथ की खेडी तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
4. राजू पिता नारायण कंजर, उम्र वयस्क, निवासी कंजर बस्ती, भावनाथ की खेडी तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
5. सिंदुरिया पिता लखमा कंजर, उम्र वयस्क, निवासी कंजर बस्ती, भावनाथ की खेडी तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**–प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. भैरूलाल पिता चेना कालबेलिया, उम्र 51 वर्ष, निवासी भावनाथ की खेडी, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
2. प्रभुलाल पिता चेना कालबेलिया, उम्र वयस्क, निवासी भावनाथ की खेडी, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
3. सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार भदेसर, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (राज0)

**अप्रार्थीगण**

उपस्थिति :– श्री चन्दनमल जणवा — अधिवक्ता प्रार्थीगण
श्री छोगालाल जाट — अधिवक्ता विपक्षी संख्या 1 व 2
भैरूलाल सालवी — राजकीय अभिभाषक

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत नियम 14(04) भू आवंटन नियम, 1970 विरूद्ध आदेश उपखण्ड अधिकारी भदेसर प्रकरण संख्या कमांक/राजस्व/आ.आदेश/2021–2022/06 दिनांक 12.11.2021**

## –:: निर्णय ::–

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है प्रार्थीगण ने एक प्रार्थना–पत्र अंतर्गत राजस्थान भू–राजस्व (कृषि–प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम 1970 के नियम 14(04) के अन्तर्गत विरूद्ध अप्रार्थीगण के इस आशय का प्रस्तुत किया कि विपक्षी संख्या 01 व 02 को मौजा भावनाथ की खेडी, पटवार हल्का भालुण्डी, तहसील भदेसर की बिलानाम आराजी संख्या 38 रकबा 0.88 है. में से रकबा 0.62 हैक्टेयर भूमि के संबंध में भू–आवंटन विधि, नियम एवं तथ्यों के विपरित होने से निरस्त योग्य है। प्रार्थीगण का काफी पुराना कब्जा है जिसकी कोई जांच पडताल नहीं थी। विपक्षी संख्या 01 व 02 का कब्जा नहीं होते हुए भूमि आवंटन करने में भूल की थी, जो विधि विरूद्ध होने से निरस्तनीय है। अतः प्रार्थना–पत्र स्वीकार फरमाया जाकर विपक्षीगण का आवंटन निरस्त फरमाया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर विपक्षीगण को जरिये सूचना पत्र तलब किया जाकर अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब किया गया। दिनांक 05.08.2022 को विपक्षी संख्या 01 व 02 की ओर से अधिवक्ता श्री छोगालाल जाट ने अधिकार पत्र पेश किया जो शामिल पत्रावली किया। जवाब हेतु पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद भी अधिवक्ता विपक्षी संख्या 01 व 02 ने जवाब पेश नहीं किया जिससे विपक्षी संख्या 01 व 02 का जवाब बंद किया गया। विपक्षी संख्या 03 की ओर से राजकीय अभिभाषक उपस्थित रहे। अधीनस्थ उपखण्ड अधिकारी भदेसर की भू आवंटन पत्रावली तलब की गई। पत्रावली प्राप्त होने पर बहस प्रकरण उभय पक्ष सुनी गई।

विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण ने कथन किया कि विपक्षी संख्या 01 व 02 के नाम पर मौजा भावनाथ की खेडी, पटवार हल्का भालुण्डी, तहसील भदेसर की बिलानाम आराजी संख्या 38 रकबा 0. 88 में से रकबा 0.62 हैक्टेयर भूमि आवंटन किया गया है। विवादित बिलानाम आराजीयात प्रार्थीगण की कृषि आराजीयात से लगी होकर प्रार्थीगण के कब्जे काश्त में चली आ रही है। विवादित भूमि प्रार्थीगण के नियमन योग्य भूमि होते हुये भी उक्त आराजीयात विपक्षी संख्या 01 व 02 के आवंटन कर दी जो अवैधानिक होकर निरस्त किये जाने योग्य है। विपक्षी संख्या 01 व 02 किसी भी स्थिति में आवंटन का पात्र नहीं है।

इस पर विद्वान अधिवक्ता विपक्षी संख्या 01 व 02 ने कथन किया कि भू–आवंटन कमेटी द्वारा विपक्षीगण को आवंटन नियमों के अधीन किया गया है, जो किसी भी प्रकार से निरस्त नहीं किया जा

